Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** मृदा से जल और खनिजों को अवशोषित करने के प्रक्रम में मूल रोम, पौधों की किस प्रकार सहायता करते हैं?

Ans
- ✗ A. वे यांत्रिक सहारा प्रदान करते हैं।
- ✓ B. वे अवशोषण के पृष्ठीय क्षेत्रफल में वृद्धि करते हैं।
- ✗ C. वे पत्तियों तक खाद्य का परिवहन करते हैं।
- ✗ D. वे खाद्य का संश्लेषण करते हैं।

**Q.2** पृथ्वी की सतह को गर्म करने और ग्रीनहाउस प्रभाव में योगदान देने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी तरंगदैर्ध्य रेंज उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. दृश्य प्रकाश
- ✓ B. अवरक्त विकिरण
- ✗ C. रेडियो तरंग
- ✗ D. पराबैंगनी विकिरण

**Q.3** जब स्वरित्र द्विभुज (tuning fork) कंपन करता है और ध्वनि उत्पन्न करता है, तो परिवेशी वायु में किस प्रकार की तरंगें उत्पन्न होती हैं?

Ans
- ✗ A. एक ऐसी तरंग जिसमें ऊर्जा गति करती है लेकिन कण नहीं करते हैं
- ✗ B. वृत्तों में गतिमान एक पृष्ठीय तरंग
- ✗ C. श्रृंग और गर्त वाली एक अनुप्रस्थ तरंग
- ✓ D. संपीडन और विरलन वाली एक अनुदैर्ध्य तरंग

**Q.4** रक्त एक संयोजी ऊतक है, क्योंकि यह शरीर के विभिन्न तंत्रों को जोड़ता है। वह तरल मैट्रिक्स क्या है जिसमें रक्त कोशिकाएं निलंबित रहती हैं?

Ans
- ✓ A. प्लाज्मा
- ✗ B. हीमोग्लोबिन
- ✗ C. साइटोप्लाज्म
- ✗ D. प्लेटलेट्स

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति न्यूटन के गति के द्वितीय नियम को निरूपित करती है?

Ans
- ✗ A. मेज पर विराम में रखी स्थिर वस्तु
- ✓ B. एक भारी ट्रक को छोटी कार की तुलना में त्वरित करने के लिए अधिक बल की आवश्यकता होती है
- ✗ C. एक समतल पृष्ठ पर नियत चाल से लुढ़कती हुई गेंद
- ✗ D. एक तैराक पानी को पीछे की ओर धकेलता है और आगे बढ़ता है



Test
Prime
By Adda247
ALL EXAMS,
ONE SUBSCRIPTION
Test. Analyze. Improve. Repeat.
Don't just prepare.
Perform.
Test Prime – built only for mock tests.
Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
Rating
Editors' choice
New
Mocks for Every Exam
Test. Analyze. Improve. Repeat.
All India Rankings
1,50,000+
Mock Tests
25,000+
Previous Year Papers
800+
Exam Covered
500%
Refund on Selection
5 lakh+
Free Quizzes
PDF
Daily
Free PDFs
Top Alerts
Stay Updated
WHY TEST PRIME?
Multilingual
Detailed Solution
Strong and Weak Areas
All India Rankings
Safe & Reliable
Trusted by Lakhs of Aspirants
Your Success, Our Mission
DOWNLOAD
TEST PRIME
Your Success Partner!
GET IT ON Google Play
Download on the App Store



Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता को ऐसे पदार्थ के चालक द्वारा प्रदत्त प्रतिरोध के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसकी _______। | |
| Ans | ✔ A. लंबाई और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल इकाई हो<br>✘ B. लंबाई इकाई हो और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल आधा हो<br>✘ C. लंबाई दोगुनी और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल इकाई हो<br>✘ D. लंबाई आधी और अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल दोगुना हो | |
| Q.7 | यदि किसी कार को धीरे से धकेल कर उसकी चाल 1 m/s तक कर दी जाती है, तो गति के द्वितीय नियम के अनुसार उसके संवेग में परिवर्तन क्या निर्धारित करता है? | |
| Ans | ✔ A. बल का परिमाण और वह समय जब तक बल आरोपित किया जाता है, दोनों संवेग में परिवर्तन निर्धारित करते हैं।<br>✘ B. केवल गति की दिशा संवेग को परिवर्तित करती है।<br>✘ C. परिवर्तन को निर्धारित करने के लिए केवल बल का परिमाण पर्याप्त है।<br>✘ D. केवल कार का द्रव्यमान संवेग में परिवर्तन निर्धारित करता है। | |
| Q.8 | गुरुत्वानुवर्तन, पादपों में प्रभावी जड़ विकास में किस प्रकार सहायक होता है? | |
| Ans | ✘ A. यह जड़ों को सूर्य के प्रकाश की ओर बढ़ाता है<br>✔ B. यह जड़ों को नीचे की ओर बढ़ने के लिए निर्देशित करता है, जिससे पादप स्थिर हो जाता है और उन्हें नमी एवं पोषकों तक पहुँचने में सहायता करता है<br>✘ C. यह जड़ों को शाखा बनने से रोकता है<br>✘ D. यह प्रकाश संश्लेषक ऊतकों को मृदा में निर्देशित करता है | |
| Q.9 | एक प्रयोग में सीधे धारावाही चालक तार के पास एक दिक्सूचक का उपयोग किया जाता है। दिक्सूचक की सुई क्या संकेत करती है? | |
| Ans | ✔ A. दिक्सूचक की सुई तार के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र वृत्त के स्पर्शरेखीय संरेखित होती है।<br>✘ B. दिक्सूचक की सुई तार के समानांतर संरेखित होती है।<br>✘ C. दिक्सूचक की सुई कोई गति नहीं दिखाती है<br>✘ D. दिक्सूचक की सुई अरीय रूप से तार से दूर इंगित करती है। | |
| Q.10 | यौगिक $CH_3 - CH_2 - C(CH_3)_2 - CH_2 - CH_3$ का IUPAC नाम क्या है? | |
| Ans | ✘ A. 2,2-डाइमेथिलपेन्टेन (2,2-dimethylpentane)<br>✔ B. 3,3-डाइमेथिलपेन्टेन (3,3-dimethylpentane)<br>✘ C. 2-डाइमेथिलहेक्सेन (2-methylhexane)<br>✘ D. 3-एथिलपेन्टेन (3-ethylpentane) | |
| Q.11 | तत्वों के निम्नलिखित में से किस युग्म द्वारा आयनिक आबंध बनाने की सर्वाधिक संभावना है? | |
| Ans | ✘ A. नाइट्रोजन और ऑक्सीजन<br>✔ B. मैग्नीशियम और क्लोरीन<br>✘ C. कॉपर और आयरन<br>✘ D. हाइड्रोजन और कार्बन | |
| Q.12 | निम्नलिखित में से किसका गमन (परिवहन) जाइलम में होता है? | |
| Ans | ✘ A. प्रोटीन<br>✘ B. ग्लूकोज<br>✔ C. जल और खनिज<br>✘ D. अमीनो अम्ल | |

Adda247

Q.13 ऐसे परिदृश्य में जहां अतिरिक्त कोशिकाबाह्य तरल वापस रूधिर में नहीं जाता है, किस तंत्र की खराबी सर्वाधिक उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ A. तंत्रिका तंत्र (Nervous system)
- ✗ B. पाचन तंत्र (Digestive system)
- ✓ C. लसीका तंत्र (Lymphatic system)
- ✗ D. परिसंचरण तंत्र (Circulatory system)

Q.14 एक वस्तु को भूमि से एक निश्चित ऊँचाई पर रखा जाता है। अपनी स्थिति के कारण इसमें किस प्रकार की ऊर्जा निहित होती है?

Ans
- ✓ A. स्थितिज ऊर्जा
- ✗ B. ऊष्मीय ऊर्जा
- ✗ C. रासायनिक ऊर्जा
- ✗ D. गतिज ऊर्जा

Q.15 यदि किसी बिंब का प्रतिबिंब, बिंब के आकार का तीन गुना और उल्टा बनता है, तो 10 cm फोकस दूरी वाले अवतल दर्पण के सापेक्ष बिंब की संभावित स्थिति क्या है?

Ans
- ✓ A. बिंब दर्पण से 13.3 cm की दूरी पर रखा है
- ✗ B. बिंब दर्पण से 20 cm की दूरी पर रखा है
- ✗ C. बिंब दर्पण से 6.6 cm की दूरी पर रखा है
- ✗ D. बिंब दर्पण से 10 cm की दूरी पर रखा है

Q.16 निम्नलिखित अभिक्रिया किस प्रकार की रासायनिक अभिक्रिया को निरूपित करती है:
$CaO(s) + H_2O(l) \rightarrow Ca(OH)_2(aq)$ + ऊष्मा

Ans
- ✗ A. वियोजन (अपघटन) अभिक्रिया
- ✓ B. संयोजन अभिक्रिया
- ✗ C. द्वि-विस्थापन अभिक्रिया
- ✗ D. विस्थापन अभिक्रिया

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, फॉस्फोरस द्वारा प्रदर्शित संयोजकता का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. फॉस्फोरस केवल संयोजकता दो प्रदर्शित करता है
- ✓ B. फॉस्फोरस संयोजकता तीन या पाँच प्रदर्शित कर सकता है
- ✗ C. फॉस्फोरस केवल संयोजकता तीन प्रदर्शित करता है
- ✗ D. फॉस्फोरस केवल संयोजकता पाँच प्रदर्शित करता है

Q.18 किसी दुर्लभ आनुवंशिक विकार के कारण एक विशेष प्रकार के संयोजी ऊतक का कठोर मैट्रिक्स कम दृढ़ हो जाता है, जिससे बार-बार अस्थिभंग होता है। इस अवलोकन की सबसे संभावित व्याख्या क्या है?

Ans
- ✗ A. रक्त मैट्रिक्स में प्लाज्मा प्रोटीन की कमी
- ✗ B. अस्थि मैट्रिक्स में कैल्शियम और फॉस्फोरस यौगिकों में कमी
- ✓ C. COL1A1 या COL1A2 जीन में उत्परिवर्तन के कारण टाइप I कोलैजन में दोष
- ✗ D. उपास्थि मैट्रिक्स में प्रोटीन और शर्करा की हानि

Adda247

**Q.19** एक वस्तु पूर्व की ओर गतिमान है। निम्नलिखित में से कौन-सा बल निश्चित रूप से उस पर ऋणात्मक कार्य करेगा?

**Ans**
- ✗ A. पूर्व की ओर आरोपित बल
- ✓ B. पश्चिम की ओर आरोपित बल
- ✗ C. अधोमुखी आरोपित बल
- ✗ D. उपरिमुखी आरोपित बल

**Q.20** यदि कोई विद्यार्थी, ऐसीटिक अम्ल को सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ मिश्रित करता है तथा बुदबुदाहट (bubbling) प्रेक्षित होती है, तो इस प्रेक्षण की क्या व्याख्या हो सकती है?

**Ans**
- ✗ A. एकमात्र उत्पाद के रूप में जल निर्मित होता है
- ✗ B. अभिक्रिया पहले ही पूर्ण हो चुकी है
- ✓ C. कार्बोनेट जैसा संदूषक विद्यमान है
- ✗ D. अभिक्रिया बहुत धीमी है

**Q.21** यदि ऐल्केन में कार्बन शृंखला की लंबाई में वृद्धि होती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा गुणधर्म सर्वाधिक प्रभावित होता है?

**Ans**
- ✗ A. ज्वलनशीलता
- ✗ B. विद्युत चालकता
- ✓ C. क्वथनांक
- ✗ D. रंग

**Q.22** विज्ञान के एक शिक्षक विद्यार्थियों से सूक्ष्मदर्शी के नीचे एक जीव को पहचानने के लिए कहते हैं। वह जीव एककोशिकीय है और उसकी कोशिका भित्ति दृढ़ है और वह प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। संभवतः निम्नलिखित में से कौन-सा जीव अवलोकित किया जा रहा है?

**Ans**
- ✗ A. यूग्लीना
- ✓ B. सायनोबैक्टीरियम
- ✗ C. पैरामीशियम
- ✗ D. अमीबा

**Q.23** कोलॉइडी विलयन के दो मुख्य घटक क्या हैं?

**Ans**
- ✗ A. विलेय प्रावस्था और विलायक माध्यम
- ✗ B. धातु प्रावस्था और अधातु माध्यम
- ✓ C. परिक्षिप्त प्रावस्था और परिक्षेपण माध्यम
- ✗ D. अभिकारक प्रावस्था और उत्पाद माध्यम

**Q.24** वैद्युतअपघटनी परिष्करण के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

a. तांबा, जस्ता और निकल का परिष्करण वैद्युतअपघटन विधि से किया जाता है।
b. इस विधि में शुद्ध धातु की एक पतली पट्टी को कैथोड के रूप में उपयोग किया जाता है।
c. ऐनोड की अधस्तल में जमी हुई अघुलनशील अशुद्धियों को ऐनोड पंक के रूप में जाना जाता है।

**Ans**
- ✗ A. केवल a और b
- ✓ B. सभी a, b और c
- ✗ C. केवल a और c
- ✗ D. केवल b और c

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.25** प्रतिध्वनि को स्पष्ट रूप से सुनने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति आवश्यक है?

**Ans**
- ✗ A. श्रोता को गतिमान होना चाहिए
- ✗ B. परावर्तक पृष्ठ मृदु होना चाहिए
- ✗ C. ध्वनि का स्रोत बहुत प्रबल होना चाहिए।
- ✓ D. समय-अंतराल कम से कम 0.1 s होना चाहिए

Section : **Mathematics**

**Q.26** उस जीवा की लंबाई ज्ञात कीजिए, जो 5 cm त्रिज्या वाले वृत्त के केंद्र से 4 cm की दूरी पर है।

**Ans**
- ✗ A. 8 cm
- ✓ B. 6 cm
- ✗ C. 3 cm
- ✗ D. 10 cm

**Q.27** एक दूधवाला ₹0/लीटर कीमत वाले जल को ₹20/लीटर कीमत वाले दूध में मिलाता है। यदि इस मिश्रण को ₹16/लीटर की दर पर बेचा जाता है तथा इस सौदे में न तो कोई लाभ हो और न ही कोई हानि हो, तो मिश्रण में दूध और जल का अनुपात कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 1 : 1
- ✗ B. 5 : 1
- ✗ C. 3 : 1
- ✓ D. 4 : 1

**Q.28** (1 + sec 15° + cot 75°)(1 – cosec 15° + tan 75°) का मान किसके बराबर है?

**Ans**
- ✗ A. 1
- ✓ B. 2
- ✗ C. 0
- ✗ D. −1

**Q.29** ब्याज की गणना तिमाही चक्रवृद्धि आधार पर करते हुए, ₹2,50,000 की राशि पर 40% वार्षिक दर से 1 वर्ष में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. ₹1,15,931
- ✓ B. ₹1,16,025
- ✗ C. ₹1,16,033
- ✗ D. ₹1,16,416

**Q.30** यदि $A:B = 4:5$ और $B:C = 7:6$ है, तो $(2A+3C):(4A-3C)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 15:7
- ✗ B. 48:13
- ✗ C. 63:10
- ✓ D. 73:11

**Q.31** किसी समलंब चतुर्भुज के आकार वाले खेत का क्षेत्रफल 2937.6 $m^2$ है। इसकी समांतर भुजाओं के बीच की लंबवत दूरी 14.4 m है। यदि समांतर भुजाओं का अनुपात $\frac{7}{12} : \frac{4}{15}$ है, तो लंबी समांतर भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 280 m
- ✗ B. 315 m
- ✗ C. 140 m
- ✗ D. 175 m

Adda247

Q.32 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण प्रदान किए। तुषार ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 की धनराशि का ऋण लिया। 4 वर्ष के पश्चात तुषार द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 92,000
✘ B. 91,500
✘ C. 93,500
✘ D. 93,000

Q.33 कोई दुकानदार खिलौनों पर निम्नलिखित छूट योजनाएं प्रदान करता है, जिनमें से प्रत्येक का अंकित मूल्य समान है:
(A) खरीदे गए खिलौनों की किसी भी संख्या पर 45% और 6% की क्रमिक छूट।
(B) खरीदे गए खिलौनों की किसी भी संख्या पर 17%, 49%, और 6% की क्रमिक छूट।
(C) पहले 8 खिलौनों पर 47% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 25% की छूट।
(D) 9 खिलौने खरीदें और 8 खिलौने मुफ्त पाएं।
एक ग्राहक 9 खिलौने खरीदना चाहता है। उपरोक्त योजनाओं में से कौन-सी योजना उसके लिए सबसे कम लाभदायक है?

Ans
✘ A. D
✔ B. C
✘ C. A
✘ D. B

Q.34 कक्षा में किए गए एक सर्वेक्षण में 36 विद्यार्थियों का औसत वजन 50 kg दर्ज किया गया। बाद में पता चला कि एक विद्यार्थी का वजन गलती से 37 kg के बजाय 73 kg दर्ज कर लिया गया था। कक्षा का सही औसत वजन ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 48 kg
✘ B. 47 kg
✘ C. 50 kg
✔ D. 49 kg

Q.35 A ने 8 घंटे में 84 km की दूरी तय की। उसने दूरी का कुछ हिस्सा 6 km/hr की चाल से पैदल तय किया और शेष दूरी 12 km/hr की चाल से साइकिल से तय की। वह कितनी दूरी तक पैदल चला?

Ans
✘ A. 15 km
✘ B. 11 km
✔ C. 12 km
✘ D. 10 km

Q.36 एक व्यक्ति अपने मासिक वेतन का 45% घरेलू खर्चों पर और शेष का 20% परिवहन पर खर्च करता है तथा शेष ₹88,000 की बचत करता है। उसका मासिक वेतन (₹ में) कितना है?

Ans
✔ A. 2,00,000
✘ B. 2,40,000
✘ C. 2,22,500
✘ D. 2,50,000

Q.37 36 cm भुजा वाले घन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 7826 $cm^2$
✘ B. 7868 $cm^2$
✘ C. 7734 $cm^2$
✔ D. 7776 $cm^2$

Q.38 272 ÷ 17 × 1.5 + 13 – 5 को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. 29
✔ B. 32
✘ C. 28
✘ D. 33

Adda247

Q.39 150 प्रेक्षणों का माध्य और माध्यिका क्रमशः 70 और 74 हैं। सबसे बड़े प्रेक्षण का मान 125 है। बाद में पता चला कि यह 125 नहीं बल्कि 200 है। बहुलक का सही मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 92
- ✗ B. 78
- ✗ C. 84
- ✓ D. 81


Q.40 ऋषि 2 दिनों में लकड़ी की एक अलमारी बना सकता है और शान समान अलमारी 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे उसी प्रकार की 126 अलमारियां कितने दिनों में बनाएंगे ?

Ans
- ✓ A. 168
- ✗ B. 164
- ✗ C. 172
- ✗ D. 170

Q.41 यदि दो संख्याओं का अनुपात 4 : 9 है और उनका महत्तम समापवर्तक 34 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 1227
- ✗ B. 1250
- ✗ C. 1214
- ✓ D. 1224

Q.42 नीचे दिए गए बार ग्राफ में 5 वर्षों की अवधि में तीन कोल्ड ड्रिंक्स की बिक्री (हजार में) प्रदर्शित की गई हैं। ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




दी गई अवधि में किसी भी कोल्ड ड्रिंक की अधिकतम औसत वार्षिक बिक्री ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 24,000
- ✗ B. 32,000
- ✗ C. 26,000
- ✓ D. 28,000

Q.43 दीपक और ईशा एक साझेदारी में क्रमशः ₹40,000 और ₹60,000 का निवेश करते हैं। दीपक 6 महीने बाद अपनी पूरी धनराशि निकाल लेता है, जबकि ईशा पूरे वर्ष अपनी धनराशि निवेशित रखती है। यदि वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹22,000 है, तो लाभ में दीपक का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. ₹5,500
- ✗ B. ₹8,000
- ✗ C. ₹7,200
- ✗ D. ₹6,500

**Q.44** एक विक्रेता ₹1 में 22 चॉकलेट बेचकर 50% का लाभ अर्जित करता है। उसने ₹1 में कितनी चॉकलेट खरीदीं?

**Ans**
- ✗ A. 44
- ✗ B. 39
- ✗ C. 35
- ✓ D. 33

**Q.45** एक साइकिल चालक 60 km की दूरी 20 km/h की चाल से, 90 km की दूरी 30 km/h की चाल से और 150 km की दूरी 25 km/h की चाल से तय करता है।
संपूर्ण यात्रा के लिए साइकिल चालक की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 25 km/h
- ✗ B. 26 km/h
- ✗ C. 27 km/h
- ✗ D. 24 km/h

**Q.46** एक वॉशिंग मशीन की कीमत एक टीवी की कीमत से 23% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 73% की वृद्धि होती है और टीवी की कीमत में 54% की कमी होती है, तो 6 वॉशिंग मशीनों और 3 टीवी की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन कितना होगा?

**Ans**
- ✓ A. 23% की वृद्धि
- ✗ B. 20% की वृद्धि
- ✗ C. 22% की कमी
- ✗ D. 26% की कमी

**Q.47** यदि x = 3 है, तो व्यंजक $x^2 + 2x + 1$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 14
- ✓ B. 16
- ✗ C. 12
- ✗ D. 18

**Q.48** यदि $\sqrt{\sqrt{x+3}} = 2$ है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 14
- ✗ B. 9
- ✓ C. 13
- ✗ D. 8

**Q.49** यदि $\operatorname{cosec}\alpha + \cot\alpha = 4$ है,तो $\cos\alpha$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{12}{17}$
- ✗ B. $\frac{8}{17}$
- ✗ C. $\frac{4}{17}$
- ✓ D. $\frac{15}{17}$

**Q.50** ₹30,000 की एक धनराशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश की जाती है। यदि ब्याज वार्षिक और अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो 2 वर्ष बाद प्राप्त होने वाले मिश्रधनों का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹733
- ✗ B. ₹713
- ✓ C. ₹723
- ✗ D. ₹720

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

ACT CRY ROW BOX

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने अक्षरों के कितने समूह में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✓ C. तीन
- ✗ D. दो

**Q.52** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

189 × 9 ÷ 13 - 6 + 45 = ?

Ans
- ✗ A. 50
- ✓ B. 54
- ✗ C. 52
- ✗ D. 56

**Q.53** संख्या 6891245 में, प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 10
- ✗ B. 8
- ✗ C. 9
- ✗ D. 7

**Q.54** दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
341 422 512 611 719 ?

Ans
- ✗ A. 886
- ✓ B. 836
- ✗ C. 785
- ✗ D. 877

**Q.55** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही ये सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह निर्धारित करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं/है।

कथन:
कुछ लैपटॉप, कार्ड हैं।
कोई कार्ड, टेबल नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई लैपटॉप, टेबल नहीं है।
(II) कुछ टेबल, कार्ड हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

Adda247

| | | |
|---|---|---|
| Q.56 | सात मित्र, G, H, I, J, K, L और M, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। G, M के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। J, I के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M के दाईं ओर केवल एक व्यक्ति बैठा है। L, H के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? |
| Ans | ✗ A. I और L<br>✗ B. J और G<br>✗ C. H और M<br>✔ D. I और K |

| | |
|---|---|
| Q.57 | एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 94 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 17 का संबंध 134 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 22 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. 182<br>✔ B. 174<br>✗ C. 186<br>✗ D. 179 |

| | |
|---|---|
| Q.58 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'TRAY' को '8943' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RAYS' को '3284' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है? |
| Ans | ✗ A. 9<br>✗ B. 4<br>✗ C. 3<br>✔ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.59 | एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कथन में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>**Q.** अमा, बीरा, कर्ट, दामी और इला एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। अमा के ठीक बाएँ पड़ोस में कौन बैठा है?<br>**(I)** अमा, दामी के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है। कर्ट और दामी का निकटतम पड़ोसी बीरा है।<br>**(II)** कर्ट और इला का निकटतम पड़ोसी अमा है। बीरा, दामी के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। |
| Ans | ✗ A. कथन II में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।<br>✔ B. कथन I में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आँकड़ें अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।<br>✗ C. संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) में दिए गए आँकड़ें प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।<br>✗ D. संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों में दिए गए आँकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.60 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MPRT का संबंध NQSU से है। इसी प्रकार, HJLN का संबंध IKMO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DFHJ का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? |
| Ans | ✗ A. FHJW<br>✗ B. EHJV<br>✗ C. FGIL<br>✔ D. EGIK |

Q.61 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : FXG :: NTE : %

Ans
- ✗ A. # = DWH , % = OUF
- ✓ B. # = DWH , % = PUD
- ✗ C. # = EXI, % = QVG
- ✗ D. # = EWJ, % = QVH

Q.62 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे है। B के दाएं से गिनने पर, B और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, C के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। E, B के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। F, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। A के दाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. G
- ✗ B. D
- ✓ C. B
- ✗ D. F

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'वंश @ राम # चेतन % दिव्या $ कणव' है, तो वंश का कणव से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. पत्नी के पिता की माता
- ✗ B. पत्नी की माता की बहन
- ✗ C. पत्नी के पिता की बहन
- ✗ D. पत्नी की माता की माता

Q.64 यदि संख्या 513674 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✓ D. दो

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
AKU FRV KYW PFX ?

Ans
- ✗ A. VMY
- ✓ B. UMY
- ✗ C. VNY
- ✗ D. UNY

Q.66 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएंt) @ D 3 & R 7 T % H 2 $ 6 K ! 5 J * 8 M 4 # (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या भी है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Adda247

| | |
|---|---|
| Q.67 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'M @ E – W % P # K' है, तो M का K से क्या संबंध है? |
| Ans | ✔ A. पुत्र की पत्नी के पिता<br>✗ B. पत्नी का भाई<br>✗ C. पत्नी के पिता<br>✗ D. पुत्र की पत्नी का भाई |

| | |
|---|---|
| Q.68 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. QUY<br>✗ B. VZD<br>✔ C. YCZ<br>✗ D. RVZ |

| | |
|---|---|
| Q.69 | A, C, E, G, K और L एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। E तल क्रमांक 5 पर रहता है। A, E के ऊपर किसी तल पर रहता है। K के नीचे केवल L रहता है। C एक सम क्रमांकित तल पर रहता है। G और A के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं? |
| Ans | ✗ A. चार<br>✗ B. एक<br>✔ C. दो<br>✗ D. तीन |

| | |
|---|---|
| Q.70 | जानकी, मानवी, स्वाति, प्रीति, ऋषि, पिंकी और तन्वी में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।<br>जानकी और प्रीति के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।<br>ऋषि और तन्वी के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।<br>स्वाति और पिंकी के बीच केवल तीन व्यक्तियों लोगों की परीक्षा है।<br>स्वाति की परीक्षा पिंकी से पहले है।<br>जानकी की परीक्षा, तन्वी की परीक्षा से पहले किसी एक दिन है।<br>प्रीति के बाद केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।<br>दिए गए व्यवस्थापन के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा विकल्प है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? |
| Ans | ✔ A. स्वाति और मानवी<br>✗ B. ऋषि और स्वाति<br>✗ C. प्रीति और पिंकी<br>✗ D. जानकी और तन्वी |

| | |
|---|---|
| Q.71 | शब्द SPEWING के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे? |
| Ans | ✗ A. एक भी नहीं<br>✗ B. दो<br>✗ C. तीन<br>✔ D. एक |

Adda247

Q.72 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) P A % U I 7 P # € A C 5 I M € A 1 9 % $ 8 9 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याओं को निकाल दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, बाएं से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ A. U
- ✓ B. I
- ✗ C. P
- ✗ D. #

Q.73 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GAME' को '3579' के रूप में तथा 'MIND' को '2438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'M' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 2
- ✓ C. 3
- ✗ D. 7

Q.74 निम्नलिखित में से किन अक्षर-समूहों द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : EGI :: PRS : %

Ans
- ✗ A. # = WMO , % = JLP
- ✗ B. # = KML , % = JLS
- ✗ C. # = KMO , % = JLN
- ✓ D. # = ACD , % = TVX

Q.75 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों की पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएँ) 654 842 684 714 385 (दाएँ)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।
यदि सभी संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितनी संख्याओं की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✗ A. UWY
- ✗ B. MOQ
- ✓ C. CFI
- ✗ D. EGI

Q.77 यदि STAMPED शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक की भी नहीं

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.78 A, B, C, D, M, N और O, में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। C की परीक्षा गुरुवार को है। M की परीक्षा B के बाद किसी एक दिन और A से पहले किसी एक दिन है। N की परीक्षा O के बाद किसी एक दिन लेकिन D से पहले किसी एक दिन है। O की परीक्षा C के बाद किसी एक दिन है। N और M के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. चार
- ✗ C. दो
- ✓ D. तीन

Q.79 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 103 का संबंध 10 से है। उसी तर्क के अनुसार, 199 का संबंध 14 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 147 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की ही जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करना अनुमत नहीं है।)

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 14
- ✗ C. 13
- ✗ D. 15

Q.80 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) F A O S F Z K U K X A A W X Y Q E Z T A L E (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✓ B. 4
- ✗ C. 3
- ✗ D. 6

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 जून 2026 में, किस अंतरराष्ट्रीय संगठन ने जिनेवा में आयोजित अपने 114वें सत्र के दौरान 'प्लेटफार्म इकॉनमी में डिसेंट वर्क' (कन्वेंशन नंबर 193) से संबंधित कन्वेंशन को अपनाया?

Ans
- ✗ A. अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (IOM)
- ✗ B. अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU)
- ✓ C. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
- ✗ D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

Q.82 दिसंबर 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की कमी करने के निर्णय के बाद, भारत में वर्तमान नीतिगत रेपो दर कितनी है?

Ans
- ✓ A. 5.25 प्रतिशत
- ✗ B. 5.00 प्रतिशत
- ✗ C. 5.50 प्रतिशत
- ✗ D. 5.75 प्रतिशत

Q.83 वित्त मंत्री के 2026-27 के बजट भाषण में प्रस्तावित 'शिक्षा से रोज़गार और उद्यम' (Education to Employment and Enterprise) पर उच्च-स्तरीय स्थायी समिति की पहली बैठक निम्नलिखित में से किसने आयोजित की थी?

Ans
- ✗ A. श्रम और रोजगार मंत्रालय
- ✗ B. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय
- ✓ C. नीति आयोग
- ✗ D. वाणिज्य विभाग

**Q.84** हाइपॉक्सिया, निम्न तापमान और पृथक्करण की परिस्थितियों में चालक-दल (crew) के निष्पादन का अध्ययन करने के लिए, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा 02 से 09 अप्रैल, 2026 तक मिशन मित्रा (MITRA) किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✔ A. लेह
- ✘ B. शिमला
- ✘ C. गंगटोक
- ✘ D. मनाली

**Q.85** अप्रैल 2026 में, भारत सरकार के किस मंत्रालय द्वारा "भारत में महिला और पुरुष 2025: चयनित संकेतक और आंकड़े" शीर्षक वाला प्रकाशन विमोचित किया गया था?

**Ans**
- ✘ A. गृह मंत्रालय
- ✘ B. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- ✘ C. महिला और बाल विकास मंत्रालय
- ✔ D. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**Q.86** दिग्गज कॉर्पोरेट लीडर उदय कोटक को 2026 में किस विशिष्ट श्रेणी के तहत प्रतिष्ठित पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✘ A. सामाजिक कार्य
- ✘ B. सार्वजनिक मामले
- ✘ C. विज्ञान और इंजीनियरिंग
- ✔ D. व्यापार और उद्योग

**Q.87** वर्ष 2026 में, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को 'पद्म श्री' पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

**Ans**
- ✘ A. स्मृति मंधाना
- ✘ B. झूलन गोस्वामी
- ✘ C. मिताली राज
- ✔ D. हरमनप्रीत कौर

**Q.88** जनवरी 2026 में, नीति आयोग ने किन क्षेत्रों के लिए डीकार्बोनाइजेशन (decarbonisation) रोडमैप जारी किया?

**Ans**
- ✘ A. इस्पात, नौवहन और दूरसंचार
- ✘ B. पर्यटन, मत्स्य पालन और वस्त्र
- ✔ C. एल्युमीनियम, सीमेंट और MSME
- ✘ D. बैंकिंग, बीमा और विमानन

**Q.89** भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2026 में पेश किए गए संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का उद्देश्य, 2029 से पहले लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए किस संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन को त्वरित करना है?

**Ans**
- ✘ A. 108वां संशोधन अधिनियम
- ✔ B. 106वां संशोधन अधिनियम
- ✘ C. 110वां संशोधन अधिनियम
- ✘ D. 104वां संशोधन अधिनियम

**Q.90** सितंबर 2025 में अपने सफल परीक्षण के दौरान DRDO ने अग्नि-प्राइम मिसाइल को किस प्रकार के प्लेटफॉर्म से प्रक्षेपित किया था?

**Ans**
- ✘ A. पनडुब्बी लॉन्चर (Submarine launcher)
- ✔ B. रेल-आधारित मोबाइल लॉन्चर (Rail-based mobile launcher)
- ✘ C. रोड-मोबाइल लॉन्चर (Road-mobile launcher)
- ✘ D. समुद्री-आधारित लॉन्चर (Sea-based launcher)

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.91** 2026 में डेनमार्क के हॉर्सेंस में किस देश के हाथों 0-3 की हार के बाद भारत थॉमस कप सेमीफाइनल से बाहर हुआ?

Ans
- ✗ A. इंडोनेशिया
- ✗ B. डेनमार्क
- ✓ C. फ्रांस
- ✗ D. मलेशिया

**Q.92** 19 दिसंबर 2025 को, ISRO के LVM3-M6 मिशन ने किस सैटेलाइट को सफलतापूर्वक उसकी उद्दिष्ट कक्षा में स्थापित किया?

Ans
- ✗ A. AST स्पेसमोबाइल वेदर ऑब्ज़र्वेशन सैटेलाइट (AST SpaceMobile weather observation satellite)
- ✗ B. ब्लूबर्ड ब्लॉक-1 कम्युनिकेशन सैटेलाइट (BlueBird Block-1 communication satellite)
- ✓ C. ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 कम्युनिकेशन सैटेलाइट (BlueBird Block-2 communication satellite)
- ✗ D. भारत का GSAT-30 कम्युनिकेशन सैटेलाइट (India's GSAT-30 communication satellite)

**Q.93** 4 फरवरी, 2026 को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन DC स्थित पोर्टुलन्स इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार किए गए नेटवर्क रेडीनेस इंडेक्स 2025 (Network Readiness Index 2025) में भारत का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. 25वाँ
- ✓ B. 45वाँ
- ✗ C. 35वाँ
- ✗ D. 55वाँ

**Q.94** 2026 में, जॉर्जिया के व्लादिमीर मेस्तविरीश्विली (Vladimir Mestvirishvili) को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मरणोपरांत पद्म श्री से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✗ A. फुटबॉल कोचिंग (Football coaching)
- ✓ B. कुश्ती कोचिंग (Wrestling coaching)
- ✗ C. एथलेटिक्स कोचिंग (Athletics coaching)
- ✗ D. हॉकी कोचिंग (Hockey coaching)

**Q.95** फरवरी 2026 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, कौन-सा देश AI प्रभाव पर नई दिल्ली घोषणापत्र के समर्थन में बांग्लादेश और कोस्टा रिका के साथ शामिल हो गया, जिससे हस्ताक्षरकर्ताओं की कुल संख्या बढ़कर 91 देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तक पहुंच गई?

Ans
- ✗ A. अर्जेंटीना (Argentina)
- ✗ B. मोरक्को (Morocco)
- ✗ C. जापान (Japan)
- ✓ D. ग्वाटेमाला (Guatemala)

**Q.96** 24 अप्रैल, 2026 को पुणे के किस संस्थान में यूनेस्को (UNESCO) के सहयोग से आयोजित "भविष्य के कार्यक्षेत्र का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा लैंगिक समावेशन और कौशल विकास पर एशिया की पहली यूनेस्को चेयर का शुभारंभ किया गया था?

Ans
- ✓ A. सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
- ✗ B. सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय
- ✗ C. MIT वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी
- ✗ D. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे

**Q.97** IBCA शिखर सम्मेलन 2026 से पहले, MoEFCC के विषयगत आयोजनों के एक भाग के रूप में एशियाई शेर संरक्षण कार्यक्रम के लिए किस स्थान का चयन किया गया है?

Ans
- ✓ A. गिर, गुजरात
- ✗ B. भोपाल, मध्य प्रदेश
- ✗ C. भुवनेश्वर, ओडिशा
- ✗ D. गंगटोक, सिक्किम


Test
Prime
By Adda247
PREVIOUS YEAR
PAPERS PDF
PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!
Free
25,000+
PDF's
High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly
PDF
ATTEMPT AS
MOCK
Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.
Previous Year Papers PDF
Search
Banking
JAIIB & CAIIB
SSC
Railways
April 2026
11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques
60 Mins
DOWNLOAD
ATTEMPT NOW
February 2026
22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...
Topic-wise & Exam-wise PDFs
Download & Study Offline
Attempt as Mock & Track Score
Smart Analysis & Performance
AVAILABLE IN
Banking
SSC
Railway
Teaching
UGC
Agriculture
Nursing
Bihar
UP
Punjab
WB
Odisha
TN
AP & Telangana
Haryana
DOWNLOAD TEST PRIME


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Q.98 2026 में राष्ट्रीय समुद्री दिवस (National Maritime Day) की आधिकारिक थीम क्या थी?

Ans
- ✔ A. मैरीटाइम इंडिया – एम्पावरिंग प्रोग्रेस (Maritime India – Empowering Progress)
- ✘ B. मैरीटाइम इंडिया – एक्सेलरेटिंग प्रॉस्पेरिटी (Maritime India – Accelerating Prosperity)
- ✘ C. मैरीटाइम इंडिया – स्टीयरिंग ट्रांसफॉर्मेशन (Maritime India – Steering Transformation)
- ✘ D. मैरीटाइम इंडिया – फ्यूलिंग ग्रोथ (Maritime India – Fueling Growth)

Q.99 मार्च 2026 में, ऑस्ट्रेलियाई तैराक कैमरन मैकएवॉय (Cameron McEvoy) ने ऑस्ट्रेलियन स्विमिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 50m फ्रीस्टाइल में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उनका रिकॉर्ड समय कितना था?

Ans
- ✔ A. 20.88 सेकंड
- ✘ B. 21.04 सेकंड
- ✘ C. 20.76 सेकंड
- ✘ D. 20.91 सेकंड

Q.100 किस मंत्रालय ने 2026 में "डेटा फॉर डेवलपमेंट" पर राष्ट्रीय विचार-विमर्श शिखर सम्मेलन में "वुमेन एंड मेन इन इंडिया 2025: सिलेक्टेड इंडिकेटर्स एंड डेटा" शीर्षक से प्रकाशन का 27वां संस्करण जारी किया था?

Ans
- ✘ A. गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- ✘ B. महिला और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार
- ✘ C. नीति आयोग, भारत सरकार
- ✔ D. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI), भारत सरकार

"